अम्बाला लोकसभा से चुनाव जीतकर जनता की आवाज करूंगा बुलंदः वरुण चौधरी

वरुण चौधरी ने किया कांग्रेस हाई कमान और अम्बाला लोकसभा की जनता का किया आभार

➪ कहा, कांग्रेस पार्टी के की ओर से जो विश्वास उनपर जताया गया हैं उस पर जनता के सहयोग से खरा उतरूंगा

रहमदीन

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। अम्बाला लोकसभा से कांग्रेस पार्टी के द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर वरुण चौधरी ने शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, कुमारी शैलजा, दीपक बाबरिया, दीपेंद्र हुड्डा सहित कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और अम्बाला लोकसभा की जनता का धन्यवाद किया। वरुण चौधरी ने कहा की कांग्रेस पार्टी के द्वारा जो विश्वास उनपर जताया गया हैं उस पर जनता के सहयोग से खरा उतरूंगा। उन्होंने कहा की आज भाजपा राज में हर वर्ग का शोषण हो रहा हैं जिसके चलते जनता ने मन बना लिया हैं की झूठ के दम पर राजनीति करने वाली भाजपा पार्टी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर कांग्रेस के उम्मीदवारों को वोट देकर सफल बनायेगे। वरुण चौधरी ने कांग्रेस के न्यायपत्र पत्र के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस का घोषणा पत्र गरीबों को समर्पित है। कांग्रेस का यह घोषणा पत्र पांच न्याय और 25 गारंटियों-युवा न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, किसान न्याय गारंटी श्रमिक न्याय गारंटी, हिस्सेदारी न्याय गारंटी पर आधारित है। गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख रुपए की मदद देने का वादा किया गया है। काम का मतलब आपको नौकरी देना है। वरुण चौधरी ने कहा कि अम्बाला लोकसभा क्षेत्र की जनता के सहयोग से अम्बाला लोकसभा में विकास कार्यो को करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अम्बाला लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभा कालका, पंचकूला, नारायणगढ़, अम्बाला छावनी, अम्बाला शहर, मुलाना, साढ़ौरा, जगाधरी, यमुनानगर की जनता से अपील करते हुए कहा की लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में वोट डालकर देश में भाजपा द्वारा की जा रही तानाशाही का अंत करें।

भाजपा मुददा विहीन है, इनके पास देश के लिए झूठ के अलावा कुछ नहीः वरूण चौधरी

यमुनानगर (जगमार्ग न्यूज)। अंबाला लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार एवं मुलाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक वरूण चौधरी ने अपने प्रचार की शुरुआत करते हुए साढौरा की विधायक रेनू बाला व इंजीनियर ऋषि पाल चैधरी से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। वरुण चौधरी मुलाना ने कहा कि अब जनता भाजपा के झूठ में नही फसने वाली। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। यह मुददा विहिन सरकार है। इनके पास सिर्फ धर्म, जाति में भेदभावकरके देश के लोगो में फूट डालना चाहते है। इस मौके पर साढौरा विधायक रेनूबाला ने कहा कि भाजपा के झूठे वादों और जुमलों से देश की जनता पूरी तरह ऊब चुकी है और अब बदलाव के मूड़ में है। रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले की तरह देश में रोजगार के अवसर पैदा करेंगी, उच्च स्तर की शिक्षा मुहैया करायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एम्स जैसे बड़े-बड़े संस्थान बनाए और अब भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देश की जनता को प्रदान करेगी। रेनूबाला ने कहा कि जनता की निगाहें कांग्रेस पर टिकी है और इंडिया गठबंधन हरियाणा में दस की दस लोकसभा सीटें जितेगा।

खंड बराड़ा में बीपीआईयू की बैठक का आयोजन

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। खंड बराड़ा में बीआरसी मोनिका व बीईओ प्रमोद राणा की अध्यक्षता में बीपीआईयू की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें खंड बराड़ा के सभी सीआरसी, एबीआरसी, बीआरपी, जिला एफएलएन कॉडिनेटर मनोज कुमार, एलएलएल के जिला कोऑर्डिनेटर रविंद्र , डीएसी बलबीर , सोनाली व संपर्क फाउंडेशन से जिला संपर्क कोऑर्डिनेटर पूनम सिंघानिया , जागृति सिंघानिया व हार्वर्ड यूनिवर्सिटी यूएसए से अभिनव घोष ने भाग लिया। इस बैठक में आगामी सत्र के लिए खंड के लिए एफएलएन कार्यक्रम पर प्लान तैयार करने के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान बीआरसी मोनिका ने सभी स्कूल मुखियों से नए सत्र में बच्चों का दाखिला पर जोर, ड्रॉप आऊट दर कम करने, गुणवत्तापूर्वक शिक्षा देने, निपुण कार्यक्रम को सफल बनाने, कमजोर बच्चों के रेमेडियल कार्य, प्रिंट रिच कक्षा कक्ष करने आदि के बारे में चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने सभी सीआरसी हैड को विभागीय योजनाओं का लाभ बच्चों को प्रदान करने की अपील की।

पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए मिलकर करना होगा प्रयासः रमन शर्मा

जगमार्ग न्यूज

रादौर। डीएवी पब्लिक स्कूल धरा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय प्लास्टिक से पृथ्वी की सुरक्षा रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, कविता, नुक्कड़ नाटक, भाषण के माध्यम से उक्त विषय के बारे जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने विद्यार्थियों को पद्मश्री अवार्ड विनर तुलसी गौड़ा द्वारा किए जा रहे पृथ्वी के संरक्षण के विशेष प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तुलसी गौड़ा एक अनपढ़ आदिवासी महिला हैं। जिन्होंने हज़ारों पौधे लगाकर वन संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को पृथ्वी के वातावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। ज्यादा गर्मी या ज्यादा सर्दी पडने की घटनाएं बढना, भूकंप के झटके बढना आदि हमारी प्रकृति से छेडखानी का ही परिणाम है। इसके लिए हम सभी बराबर के जिम्मेदार है। अगर हमें अपनी पृथ्वी को पहले जैसा हरा भरा और सुरक्षित रखना है तो हमें इसके लिए मिल जुलकर प्रयास करने होगें। हम सभी को विशेष अवसरों पर पौधारोपण अवश्य करना चाहिए और अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना होगा। तभी हम आने वाली पीढ़ी को एक स्वच्छ वातावरण दे पाएगें। मौके पर स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

नाटककार और लेखक विलियम शेक्सपियर को दी गई श्रद्धांजलि

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। नाटककार और लेखक विलियम शेक्सपियर के जन्म और मृत्यु सप्ताह के उपलक्ष्य में सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल अम्बाला मे आकाश शर्मा रंगमंच द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को उजागर करने के लिए थिएटर गेम्स और ड्रामा गतिविधियों का आयोजन किया गया ।आकाश शर्मा रंगमंच के द्वारा साहित्य और रंगमंच के उत्थान और बच्चों को साहित्य और रंगमंच से जुड़ने की प्रेरणा हेतु लघु नाटिका का मंचन किया गया । इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रंगमंच की विधा और विलियम शेक्सपीयर के बारे में बताया गया और उन्हें रंगमंच से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना , उन्हें रंग मंच की विधा से अवगत कराना और विलियम शेक्सपीयर को श्रद्धांजलि देना रहा। जिसका सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्रों,टीचरों और अन्य लोगों ने आनंद उठाया । नाटक के मंचन के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य सुखजिंदर कौर कीथ, उप-प्रधानाचार्य रीटा शर्मा , संयोजक आरती शर्मा , ललिता चोपड़ा, आकाश शर्मा, जगदीश शर्मा , योगेश शर्मा, गायत्री छेत्री,मयंक मल्होत्रा व अन्य उपस्थित रहे ।

महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय के गणित एवम मानविकी विभाग की ओर से एलुमनाई मीट का आयोजन

जगमार्ग न्यूज

अम्बाला। प्रसिद्ध समाज सेवी एवं कुलाधिपति माननीय तरसेम गर्ग जी की सानिध्यता में महर्षि मारकंडेश्वर मानक विश्वविद्यालय मुलाना के गणित एंव मानविकी विभाग में एलुमनाई मीट (पूर्व छात्र बैठक) हुई। एम एम इ सी कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. विशाल भारती जी और गणित तथा मानविकी विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक गुप्ता जी की देखरेख में यह एलुमनाई मीट हुई। इस उत्सव में यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो.डॉ.हरीश शर्मा जी मुख्य अतिथि रहे। विभिन्न कॉलेजों के प्रिंसिपल, विभागों के प्रमुख, और अधिकांश एलुमनाई भी उपस्थित हुए। पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। एलुमनाई के स्वागत भाषण में, डॉ. दीपक गुप्ता जी ने अपनी आत्मकथात्मक यात्रा को साझा करने और विभाग की विरासत में दिए गए अमूल्य योगदान के लिए पूर्व छात्रों की गहरी सराहना की। उन्होंने पूर्व छात्रों के साथ संबंध विकसित करने और शैक्षणिक समुदाय के भीतर सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। समारोह में सम्मिलित पूर्व छात्र- छात्राओं ने अपनी पुरानी स्मृतियों को ताजा किया। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ, सम्मान और प्रमाणपत्रों के माध्यम से एलुमनाई को सम्मानित किया गया। डॉ. राजीव बुधिराजा जी ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। इस उत्सव ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अल्म्नी के साथ नाता मजबूत किया और एक सामूहिक भावना का वातावरण बनाया। यह संदेश देता है कि विश्वविद्यालय के सदस्यों के बीच के संबंधों का आधार स्थिर है और एलुमनाई अपने विश्वविद्यालय के साथ गहरा जुड़ाव रखते हैं। एलुमनाई मीट में 90 से अधिक पूर्व छात्र शामिल थे। मुख्य रूप से एसोसिएट प्रो. डॉ. प्रवीण लता, प्रिंसीपल डॉ.समीर शर्मा ,एसोसिएट प्रो. डॉ. नवीन मनी, एसोसिएट प्रो. डॉ. गायत्री शर्मा, असिस्टेंट प्रो. डॉ.रितु शर्मा जी समारोह में उपस्थित थे।

प्रत्याशियों को लेकर कांग्रेस की लड़ाई हुई और अब लिस्ट के साथ यह खुलकर बाहर आईः विज

आरती दलाल

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस को हरियाणा में लोक सभा चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित करने के लिए पूरा महीना लगा है। उन्होंने कहा कि रोज इनकी (कांग्रेस) लड़ाई हुई और अब लिस्ट बाहर आने के साथ-साथ इनकी लड़ाई भी बाहर आ गई है तथा जो लड़ाई अंदर बैठ कर होती थी, वो सड़को पर आ गई है। गौरतलब है कि लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस ने कल लोकसभा चुनावो को लेकर अपने 8 उम्मीदवारों की घोषणा की है। सुप्रीम कोर्ट ने VVPAT और इलेक्ट्रॉनिक मशीनों को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है जिसे लेकर विज ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह एक बहुत स्वागत योग्य कदम है। कुछ लोग इसे रोने का इशू (मुद्दा) बना रहे थे क्योंकि उन्हें हार सामने दिख रही है और अब वे कोई ओर इशू ढूंढ लेंगे। राहुल गांधी ने अपने एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 लोगों को अरबपति बनाया - हम हिंदुस्तान में करोड़ों लखपति बनाएंगे। इस पर तंज कसते हुए विज ने कहा की राहुल गांधी ने झूठ बोलने की पीएचडी की हुई है, रोजाना उठ कर झूठ बोलते है। उन्होंने प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि क्या ये 25 आदमी उनकी दादी इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के राज में नहीं थे, लेकिन लोगो को गुमराह करने के लिए ये सब किया जा रहा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिसने पीएचडी की है वे अच्छे से जानता है कि जनता को कैसे गुमराह करना है। जेजेपी में बृज शर्मा के रूप में नया प्रदेशाध्यक्ष लगाए जाने को लेकर विज ने कहा कि ये उनका अंदरूनी मामला है और इनेलो के साथ मिलने की रोज नई खबरे आती है, अगर इनेलो के साथ ही मिलना है तो क्यों बनाया ये संगठन?

चुनाव के समय किए वायदे भाजपा ने नहीं किए पूरेः सतीश शर्मा

रादौर (जगमार्ग न्यूज)। आम आदमी पार्टी कुरूक्षेत्र लोकसभा उपाध्यक्ष सतीश शर्मा धौडग़ ने गांव खजूरी व बैंडी में ब्राह्मण समाज के लोगों के साथ बैठक की और आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता के पक्ष में वोट की अपील की। सतीश शर्मा धौडग़ ने कहा कि आम ने जो नीतियां दिल्ली व पंजाब में लागू की है उन नीतियों से प्रदेश की जनता भी प्रभावित हो रही है। क्योंकि भाजपा ने चुनाव के समय किए अपने किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया। आज किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी सभी परेशान है। किसानों को उनकी फसलों को उचित दाम नहीं मिल रहा है। व्यापारी वर्ग भारी भरकम टैक्स व व्यापार विरोधी नीतियों को से तंग है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और महिला सुरक्षा भी दांव पर लगी हुई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। ऐसे में अब जनता आम आदमी पार्टी व इंडी गठबंधन को भी मजबूत विकल्प में रूप में देख रही है।

बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, बशर्ते उन्हें उचित समय पर सही मार्गदर्शन मिलेः जी.एस. शर्मा

जगमार्ग न्यूज

यमुनानगर। न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कैलिग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पहली कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को सफलता विषय पर कैलिग्राफी करने को दी गई। जिसमें बच्चों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही सुंदर-सुंदर कैलिग्राफी कर सभी का मन जीत लिया। ग्यारहवीं कक्षा की इकरा, रणजोत, वरखा व रेधिमा तथा बारहवीं कक्षा की कृतिका द्वारा की गई कैलिग्राफी की सभी ने काफी सराहना की। इसी तरह जूनियर कक्षाओं में पांचवीं कक्षा की अक्षिता, विक्रांत, परिधि, चैथी कक्षा के रिषभ, तीसरी कक्षा के शिवांश ने मेरा परिचय विषय पर सुंदर-सुंदर पंक्तियां लिखकर शब्दों को विभिन्न रूपों में उकेरा। स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जीएस शर्मा व प्रिंसीपल सुश्री कमलेश सिक्का ने बच्चों द्वारा की गई कैलिग्राफी का अवलोकन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में किसी भी तरह से प्रतिभा की कमी नहीं है। बशर्ते उन्हें उजागर करने के लिए उन्हें सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलता रहे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके तथा वे भी निरंतर उन्नति के पथ पर बढ़ सकें। प्रतियोगिता के संचालन में अल्का साहनी, श्यामा कुमारी, ललिता, रेणू शर्मा आदि ने सहयोग किया।

अंबाला में एसी का कंप्रेसर फटा दुकानदार सहित चार घायल

जगमार्ग न्यूज

अम्बाला। अंबाला छावनी में एसी का कम्प्रेसर फटने से चार लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। छावनी के रामपुर गांव के मोड़ पर एक एसी रिपेयर की दुकान में ठीक करते समय अचानक एसी का कम्प्रेसर फट गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि धमाके की गूंज काफी दूर तक सुनाई दी और दुकान में दो मैकेनिक सहित दो हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी के पेट तो किसी की बाजू में गहरी चोटें आई। मिली जानकारी के अनुसार उपचार के लिए छावनी नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां से रामपुर गांव निवासी कुलवंत की बिगड़ती हालत को देखते हुए चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। डॉक्टर का कहना था कि मैकेनिक कुलवंत की एक बाजू की नस कट गई तो दूसरी में गहरे घाव के कारण उसे रेफर कर दिया। जबकि मैकेनिक राज कुमार के भी शरीर पर जगह चोटें आई और हेल्पर अकबरपुर निवासी गौरव व चंदपुरा निवासी गुरजीत को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में दाखिल कर लिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों का जमावड़ा लग गया और दुकान का भी सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

जायजा मौके पर उनके साथ उपायुक्त डॉ. शालीन भी मौजूद रहे

मुख्य सचिव ने अम्बाला शहर मंडी व नई अनाज मंडी का निरीक्षण किया

➪ उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से पिछले वर्ष कितनी गेहूं की आवक हुई थी और अब तक कितनी आवक हो चुकी है, उसकी भी जानकारी ली

जगमार्ग न्यूज

अम्बाला। पशुपालन एवं डेयरी तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने शुक्रवार को गेहूं खरीद प्रक्रिया के दृष्टिगत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अनाज मंडी अम्बाला शहर व नई अनाज मंडी अम्बाला छावनी का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा0 शालीन भी मौजूद रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता ने निरीक्षण के तहत सबसे पहले अनाज मंडी अम्बाला छावनी का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से अभी तक मंडी में गेहूं की कितनी आवक हो चुकी है, कितनी खरीदी जा चुकी है और कितनी लिफ्टिंग हो चुकी है, बारदाने के साथ-साथ किसानों को उनकी फसलों की पेमेंट की अदायगी समय अनुरूप की जा रही है, उसकी जानकारी हासिल की। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर मोसचर मीटर के माध्यम से गेहूं की नमी को भी चैक किया। इस मौके पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी से पिछले वर्ष कितनी गेहूं की आवक हुई थी और अब तक कितनी आवक हो चुकी है, उसकी भी जानकारी ली। मार्किट कमेटी सचिव नीरज भारद्वाज ने उन्हें अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले वर्ष 117562 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी और इस वर्ष अभी तक 147378 क्विंटल गेहूं मंडी में पंहुच चुकी है। गेहूं खरीद के तहत 145184 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है, 55750 क्विंटल गेहूं लिफ्टिंग का कार्य हो चुका है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य सुचारू रूप से जारी हैं। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मंडी प्रधान के साथ-साथ उपस्थित आढ़तियों से भी मंडी में गेहूं खरीद कार्य के तहत कोई परेशानी तो नहीं है, इसकी जानकारी ली। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. शालीन, एसीयूटी रवि मीणा, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, डीएफएससी जितेश गोयल, डीएम हैफड अमित कुमार, हरियाणा वेयरहाउसिंग के एमडी राजीव चौधरी, उपनिदेश कृषि डा0 जसविन्द्र सैनी, मार्किट कमेटी सचिव दलेल सिंह, नीरज भारद्वाज मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

अनुसूचित जाति वर्ग व ओबीसी वर्ग की सच्ची हितेषी है भाजपाः कंवरपाल गुर्जर

यमुनानगर (जगमार्ग न्यूज)। केंद्र की मोदी सरकार व हरियाणा की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग व ओबीसी वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाएं शुरू की है। पंचायती चुनाव में भी इन वर्गों को आरक्षण देकर इन्हें आगे बढ़ने का कार्य बीजेपी सरकार ने किया है। कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सदैव अनुसूचित जाति वर्ग व ओबीसी वर्ग के हितों से खिलवाड़ करने का कार्य किया है। कांग्रेस सरकार की सोच रही है कि अनुसूचित जाति वर्ग व ओबीसी वर्ग के आरक्षण में से कुछ हिस्सा काटकर अल्पसंख्यक समुदाय को दे दिया जाए। सच्चर कमेटी के माध्यम से भी मुसलमान की दशा अनुसूचित जाति वर्ग से भी दयनीय बताई गई जो की हकीकत से बहुत दूर कोरी कल्पना थी। हकीकत ये है कि कांग्रेस का मुख्य मकसद तो ओबीसी व अनुसूचित जाति वर्ग को परेशान करके अल्पसंख्यक समुदाय को लुभाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की एससी, एसटी, और ओबीसी वर्ग के अधिकारों पर बहुत पुराने समय से नजर है। हमारे लोगों के प्रति कितनी सहानुभूति है।

लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 29 से नामांकन प्रक्रिया का कार्य शुरूः डॉ शालीन

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया का कार्य शुरू हो जाएगा और यह कार्य उपायुक्त कार्यालय की कोर्ट रूम में होगा। उन्होने बैठक के दौरान इस कार्य के तहत नामांकन प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों को चैक करने का तथा अन्य जो आवश्यक कार्य किए जाने हैं, उसकी भी समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि नामांकन प्रक्रिया से जुड़े सभी तैयारियां दुरूस्त होनी चाहिए ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पहले से ही आग्रह किया गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जो हिदायतें जारी की गई है, उनकी अनुपालना करें। नामांकन प्रक्रिया के तहत एक प्रत्याशी के साथ 4 सदस्य आ सकते हैं। सम्बन्धित अधिकारियों की डयूटी लगाकर उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसकी उन्हें ट्रेनिंग भी दिलवाई गई है ताकि चुनाव के दौरान उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जिला चुनाव कार्यालय में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है जहां पर सी-विजल ऐप के साथ-साथ सुविधा ऐप के माध्यम से जो भी कार्य हैं वो किए जा रहे हैं। बैठक के दौरान जिला चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, आरटीए सुशील कुमार, डीआईओ अरविंदजीत सिंह के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

डीएवी स्कूल में मनाया गया रेड डे

बराड़ा (जगमार्ग न्यूज)। डीएवी स्कूल बराड़ में शुक्रवार को रेड डे मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने लाल रंग की पहचान की और जीवन में उसके महत्व को जाना। इस दौरान बच्चे अपने घर से लाल रंग की वस्तु लेकर आए साथ ही सभी बच्चे व शिक्षक लाल की ड्रेस में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल सुनीता कपूर ने कहा बच्चों में लाल रंग की पहचान बहुत जरूरी है। बच्चों को स्कूल में रंगों की पहचान के लिए हमें येलो डे , ग्रीन डे और ब्लू डे भी स्कूल में मनाने चाहिए । लाल रंग अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक है। अच्छी सेहत के लिए लाल रंग के रसीले फलों का सेवन बहुत आवश्यक होता है। बच्चों के बीच लाल रंग के सेब के प्रति विशेष आकर्षण देखा गया। बच्चों ने एन एप्पल ए डे, की पस दा डॉक्टर अवे कविता से सब का मन मोह लिया। इसके साथ ही डीएवी स्कूल के प्रांगण में स्वीप मतदाता गतिविधि के अंतर्गत शपथ समारोह संपन्न हुआ जिसमें बच्चों ने निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने और करवाने में शपथ ग्रहण की।

कॉंग्रेस के फैसले पर झूमे कार्यकर्ताः चित्रा सरवारा

अम्बाला (जगमार्ग न्यूज)। अम्बाला लोकसभा आरक्षित सीट से कांग्रेस ने मुलाना से विधायक वरुण चौधरी को मैदान में उतारा है व कांग्रेस ने अपने 8 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी की है। वरुण चौधरी को अम्बाला आरक्षित लोकसभा से कांग्रेस की टिकट मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। आज अम्बाला छावनी व अम्बाला शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चित्रा सरवारा के नेतृत्व में ढोल की थाप पर नाच गाकर लड्डू बाँट कर खुशी मनाई। इस मौके पर कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि कल रात कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा में अपने 8 प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी है तब से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा वरुण चौधरी को अंबाला से टिकट दिए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कांग्रेसजन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस सीट पर उन्हें विजयी बनाकर संसद में भेजेंगे। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और 9 की 9 सीट कांग्रेस की झोली में ही जाएगी और दसवीं कुरुक्षेत्र की सीट उनके सांझे प्रत्याशी आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता भी विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही सभी को न्याय दिलाया जाएगा।

राम वनवास से अयोध्या नगरी में छा गया था मातमः धनजंय स्वरूप

रादौर (जगमार्ग न्यूज)। श्री बलभद्र मंदिर धौलरा में मंहत अरूणपुरी की अगुवाई में आयोजित की जा रही सात दिवसीय श्रीराम कथा में कथावाचक धनंजय स्वरूप ब्रहचारी ने राम वनवास की कथा सुनाई। राम वनवास की कथा सुनकर पहुंचे श्रद्धालु गमगीन हो गए। कथावाचक धनंजय स्वरूप ने कहा कि राजा को राज्य और देश की उन्नति के लिए निर्णय लेने के समय स्वयं के पारिवारिक आकांक्षाओं का त्याग करना चाहिए। यहीं राजा का परमधर्म होता है, जो राजा अपने परिवार के निहित आकांक्षाओं के निमित्त निर्णय करता है तो उस निर्णय से राज्य और देश में विपत्ति का कारण बनना स्वाभाविक है। अयोध्यावासी भगवान श्री राम के अवतार के बाद संपूर्ण रूप से संपन्न एवं आनंदित थे। लेकिन महाराज दशरथ के एक निर्णय ने अयोध्या को शोक में डूबो दिया था। श्री राम को अयोध्या का राजा बनना यह राज परिवार के लिए उत्तम निर्णय होते हुए भी महाराज के एक पत्नी के निहित स्वार्थ के कारण श्रीराम को वनवास में जाना पड़ा। जिससे पूरी अयोध्या विपत्ति के सागर में डूब गई। उन्होनें कहा कि माता का आदर करना सनातन है। पुत्री के प्रति दया का भाव रखना भी सनातन है। बहन के प्रति प्यार एवं पत्नी के प्रति सामान्य का भाव रखना भी सनातन है। इसलिए सनातन को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता। मनुष्य में मनुष्यता का बोध होना ही देश की उन्नति और समाज की एकता का साधन है। इस अवसर पर सचिन राणा गड्डी, धनपत सैनी, विजय शर्मा धौलरा, वेद सैनी, रणबीर रादौर, सतविंद्र रिंकू, सतीश चौधरी, दीपक मेहता, राजकुमार, सुशील शर्मा, मोहन नाथ, सोहन नाथ इत्यादि मौजूद रहे।

किसी भी विषय को व्यावहारिक रूप समझना बेहद आसानः डॉ. आरणा

यमुनानगर (जगमार्ग न्यूज)। नेशनल पब्लिक स्कूल में बच्चों को नई शिक्षा नीति के साथ साथ व्यावहारिक अनुभव पद्धति द्वारा बर्तन बनाने की विधि बताई गई। सभी बच्चों ने कुम्हार के चाक द्वारा अपने हाथों से बर्तन, कप, दिया, गिलास, सुराही, मटका बनाने की विधि सीखी। बर्तनों की मिट्टी कैसे बनती है। चाक से बर्तन बनाने के बाद बर्तन को कैसे सुखाया जाता है। मिट्टी के बर्तन में खाना कैसे पकाया जाता है। डॉ आरणा सिंह ने बच्चों को विस्तार से समझाया। बच्चों को कुम्हार द्वारा बनाये गए बर्तनों को सभी बच्चों को एक-एक बर्तन घर के लिए भी दिया गया। ताकि वह इसे सूखा कर अपने प्रयोग में ला सके। इस अवसर पर नर्सरी कक्षा से पांचवी कक्षा तक के बच्चों में बड़ा उत्साह देखने को मिला। डॉ आरणा सिंह ने बताया कि किसी भी विषय को समझने के साथ-साथ व्यावहारिक के द्वारा बच्चे विषय को जल्दी एवं शत प्रतिशत सीखते हैं।

पुलिस के साथ बदतमीजी व मुख्यमंत्री सैनी के कार्यलय पर तोड़ फोड़ मामले में तीनो आरोपियों गिरफ्तार

नारायणगढ़ (जगमार्ग न्यूज)। एक चिकन कॉर्नर पर शराबपोशी रोकने गई पुलिस टीम के साथ बदतमीजी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के निजी कार्यलय पर तोड़ फोड़ के गिरफ्तार किए तीनो आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेझ दिया बता दें कि बुधवार देर साएं पंजलासा चौंक पर एक चिकन कॉर्नर पर शराब पिलाए जाने की सूचना के बाद रोकने गयी पुलिस टीम की कार्यवाही के बाद हंगामा हो गया । उस दौरान पुलिस के विरोध के साथ साथ लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यालय के फ्लेक्स व तोड़फोड़ डाले। इस मामले में कार्यवाई करते हुए थाना प्रभारी रामपाल की शिकायत पर पुलिस ने दस महिलाओं सहित 25 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। रामपाल ने अपनी शिकायत में कहा है कि विश्वकर्मा चोंक के नजदीक अंडे बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थी कि वह नाजायज तोर पर लोगों को शराब पिलाता है। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से हाथापाई की ओर गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया है। यही नहीं सड़क पर जाम लगाकर दुकानदार को छोड़ने का दबाव बनाया। थाना प्रभारी की ब्लेरो मौके पर पहुंची जिसके शीशे तोड़ दिए गए। मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की ओर कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर ओर टेंट को फाड़ दिया। डीएसपी रणधीर सिंह मोके पर पहुंचे। उन्होंने लोगो को समझा बुझा कर शांत किया था।